राम राम जपले राम ही एक सहाई

राम नाम जपले एक यही संग जाई,
राम सुमिरले भाई

राम नाम जो मनुआ गाये,
जीवन में कोई दुख न आये।
जिनके ह्रदय राम समाया।
उनने जग का सब कुछ पाया।
पल पल छिन छिन सुमिरन करले भाई
राम ......

राम नाम की सारी माया ,
राम नाम मे जगत समाया
राम नाम है सबसे प्यारा
राम नाम से जग उजियारा
हरि बिन एक पल बीते न तेरा भाई
राम सुमिरले.......

राम नाम का दीप जलाले
कष्टों से छुटकारा पाले।
अंतर का अंधियारा भागे।
राम नाम की जब लौ जागे।।
इस जीवन में राम ही एक सहाई
राम सुमिरले भाई.......

गीतकार /गायक-राजेन्द्र प्रसाद सोनी

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/22568/title/ram-ram-japle-ram-hi-ek-sahai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |